सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-167
03/04/2018

महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री, प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी भाई वैद्य के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 03 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री, प्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी भाई वैद्य उर्फ भाल चन्द्र सदाशिव वैद्य के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने उन्हें एक सच्चा समाजवादी तथा समाज से वंचित समुदाय के लिये काम करने वाला एक मौन साधक बताया है। भाई वैद्य, डॉ0 राम मनोहर लोहिया और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के साथ रहे थे। स्व0 भाई वैद्य जनता पार्टी के महासचिव रह चुके थे और आपातकाल के समय जेल भी गये थे। उनके निधन से समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******